# LESSON SEVEN
## पाठ सात

# Mute Letters and Capitals
(म्यूट लेटर्स एंड कैपिटल्स)
# मूक और बड़े अक्षर

इंग्लैंड में लगभग 5वीं शती के उत्तरार्ध में तीन ट्यूटॉनिक आदिम जातियां–जूट्स, सेक्सन्स और ऐंग्ल्स निवास करती थीं। इनमें अंतिम जाति सर्वाधिक प्रभावशाली थी। इसी आदिम जाति के नाम पर ब्रिटेन का नाम इंगलैण्ड और यहां की भाषा का नाम इंगलिश पड़ा। 1000 ई. सन् में ब्रिटेन ऐंग्ला-लैंड और वहां की भाषा ऐंग्ल+इस कहलाती थी। ये दोनों शब्द कालांतर में इंग्लैड और इंगलिश में रूपांतरित हो गए।

वर्तमान अंग्रेजी एक लम्बे इतिहास और रिवाजों-परम्पराओं का परिणाम है। अंग्रेज लोग हैं भी अत्यन्त परम्परा प्रिय और किसी हद तक पुरातनपंथी। यही कारण है कि अंग्रेजी भाषा में शब्दों के उच्चारण और वर्तनी (स्पेलिंग) इतने असंगत, जटिल और उलझे हुए लगते हैं। उदाहरण के लिए Doubt (डाउट), Debt (डेट), Colonel (कर्नल), Right (राइट), Wife (वाइफ), Comb (कॉम) और Often (ऑफन) शब्द लिए जा सकते हैं। लिखा कुछ है और पढ़ा कुछ जाता है। Doubt और Debt में b मूक है। Colonel में r न जाने कहां से आ टपका। Right में 'gh', 'Wife' में e, Comb में b और Often में t उच्चारण की दृष्टि से अनावश्यक हैं। फिर भी ये लिखे जाते हैं। क्यों? क्योंकि सदियों से ऐसा ही होता आ रहा है।

इसलिए अंग्रेजी शब्दों के हिज्जों और उच्चारण की ओर खास ध्यान देना बहुत जरूरी है। दोनों का परस्पर घनिष्ठ संबंध है। प्रयत्न और अभ्यास प्रधान हैं। इससे कोई भी काम सरल किया जा सकता है। वैसे तो एक ही शब्द को बोलने में हवा, पानी और जमीन के हिसाब से थोड़ा-बहुत अंतर हो सकता है। लेकिन प्रत्येक भाषा का एक मानक स्वरूप और स्तर होता है। इसकी सही जानकारी आवश्यक है। सुविधा और सरलता की दृष्टि से 'स्पेलिंग्स' में कुछ सुधार के प्रयत्न भी हुए हैं। इसका उदाहरण अमेरिकन अंग्रेजी में देखने को मिलता है। समझने के लिए यहां अमेरिकन और ब्रिटिश अंग्रेजी के कुछ शब्द दिये गये हैं। भारत में ब्रिटिश इंग्लिश ही प्रचलित है। अतः इसी को सीखने पर बल दिया जाना चाहिए।

| **अंग्रेजी शब्द** | **अमेरिकन शब्द** |
|---|---|
| Vigour (विगर) ओजस्वी | Vigor |
| Colour (कॅलर) रंग | Color |
| Enquiry (इन्क्वाइरी) पूछताछ | Inquiry |
| Foetus (फीटस) भ्रूण | Fetus |
| Centre (सेंटर) केन्द्र | Center |
| Theatre (थियेटर) रंगशाला | Theater |
| Mould (मॉल्ड) सांचा | Mold (ou-o) |
| Acknowledgement (ॲक्नॉलिजमेंट) प्राप्ति सूचना | Acknowlegment |
| Judgement (जज्मेंट) निर्णय | Judgment |

अब हम उन वर्णों को लेते हैं जो विशेष स्थितियों, स्थानों पर उपस्थित तो होते हैं, किंतु मूक (mute) बने रहते हैं–

**MUTE–C**

Scent (सेंट) गंध
Science (साइंस) विज्ञान
Scene (सीन) दृश्य
Scion (साइअॅन) वंशज

**MUTE–G**

Sign (साइन) चिह्न
Design (डिजाइन) खाका
Resign (रिजाइन) इस्तीफा
Foreign (फॉरिन) विदेश
Reign (रेन) राज्य

**MUTE–K**

Knock (नॉक) खटखटाना
Knowledge (नॉलिज) ज्ञान
Knife (नाइफ) चाकू
Knit (निट) बुनना
Knoll (नोल) टीला
Knob (नॉब) घुंडी
Half (हाफ) आधा
Balm (बाम) मरहम

**MUTE–N**

Hymn (हिम) भजन, स्तोत्र
Column (कॉलम) स्तंभ
Autumn (ऑटम) पतझड़
Condemn (कन्डेम) निंदा

**MUTE–S**

Island (आइलैंड) द्वीप, टापू
Viscount (वायकाउंट) पद

**MUTE–D**

Sledge (स्लेज) बर्फ की गाड़ी
Knowledge (नॉलिज) ज्ञान
Bridge (ब्रिज) पुल
Ridge (रिज) पर्वत

**MUTE–H**

Hour (आवर) घंटा
Honour (ऑनर) सम्मान
Thames (टेम्स) नदी का नाम
Thomas (टॉमस) व्यक्ति का नाम

**MUTE–L**

Folk (फोक) लोक, लोकनृत्य
Walk (वॉक) चलना
Chalk (चॉक) खड़िया
Talk (टॉक) बातचीत
Could (कुड) सका
Calm (काम) शांत

**MUTE–P**

Psychology (साइकोलोजी) मनोविज्ञान
Pneumonia (न्यूमोनिया) ज्वर
Pneumatic (न्यूमैटिक) वायवीय
Psalm (साम) भजन
Pseudo (स्यूडो) छद्म, जाली
Receipt (रिसीट) रसीद

**MUTE–T**

Often (ऑफन) प्रायः
Soften (सॉफन) मुलायम करना
Hasten (हेसन) जल्दी करना
Listen (लिसन) सुनना
Jostle (जॉसेल) धकापेल
Waist-coat (वेसकोट) वास्केट (एक वस्त्र)

TOP 10 TRENDING

**MUTE–U**

Guard (गार्ड) रक्षक

Guarantee (गारन्टी) गारंटी

Guest (गेस्ट) मेहमान

Mosque (मौस्क) मस्जिद

Rogue (रोग) शैतान

Vague (वेग) अस्पष्ट

**MUTE–Gh**

Right (राइट) उचित

Bright (ब्राइट) चमकीला

High (हाइ) ऊंचा

Through (थ्रू) में होकर

Thigh (थाइ) जांघ

Knight (नाइट) उपाधि

Weight (वेट) भार

Eight (एट) आठ

**MUTE–E**

अंग्रेजी में अनेक ऐसे शब्द हैं जिनका अन्त 'E' वर्ण से होता है, लेकिन यह वर्ण अनुच्चरित रहता है। ऐसे शब्दों के साथ Suffix (सफिक्स) प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाते समय प्रायः 'E' को हटा देते हैं। यदि प्रत्यय Vowel (वॉवल) स्वर से शुरू न हो Consonant (कॉन्सनेन्ट) व्यंजन से प्रारंभ हो, तो मूल 'इ' को रहने देते हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| Love | Loving, Lovable | Change | Chang-ing |
| Mile | Mile-age | Trace | Trace-able |
| Excite | Excit-able | Judge | Judge-ment |
| Due | Du-ly | True | Tru-ly |
| Whole | Whole-y | | |

## CAPITALS (कैपिटल्स)

### बड़े अक्षरों का प्रयोग

अंग्रेजी में लिखते समय 'कैपिटल लैटर्स' का निम्न स्थानों पर प्रयोग करते हैं–

1. ईश्वर, उसके सर्वनाम और पवित्र धार्मिक वस्तुओं के लिए–
   God, His Grace, Heavenly Father, The Virgin
2. वाक्य का प्रथम अक्षर–
   He was born with a silver spoon.
3. कविता की प्रत्येक पंक्ति का प्रथम अक्षर–
   All work and no play
   Makes Jack a dull boy.
4. सभी व्यक्तिवाचक संज्ञाएं और उनसे बने विशेषण, पदनाम, उपाधियां आदि–
   Delhi, Africa, India, Indian, Dr. R. Sharma, Professor Nilmani, President Reagan, Mr. James Spencer, Shakespearean.
5. सर्वनाम 'I' (मैं) और विस्मयबोधक 'O' के लिए–
   Come and do what I say.
6. डायरेक्ट स्पीच में उद्धरण चिह्न के भीतर के वाक्य को प्रारम्भ करने के लिए–
   The teacher said, "Do not read so fast".
7. शब्दों के संक्षेप के लिए–
   W.H.O. (World Health Organisation)

TOP 10
TRENDING

## Points to Remember
## स्मरण संकेत

1. अंग्रेजी शब्दों में अनेक वर्ण या उनके जोड़े लिखे तो जाते हैं, लेकिन उच्चरित नहीं होते। ऐसे शब्दों को ध्यान में रखिए।
2. Capital Letters के प्रयोग को पुस्तक आदि पढ़ते समय ध्यान से नोट कीजिए तथा लिखते समय यथास्थान उपयोग कीजिए।

## Exercise for Revision
## अभ्यास करने योग्य

1. **निम्नलिखित शब्दों को जोर-जोर से उच्चारित कीजिए, अनुच्चरित अंश को रेखांकित कीजिए तथा उच्चारण के साथ अर्थ भी लिखिए। उदाहरण Sovereign (सोवरिन) संप्रभु; Knowledge (नॉलिज) ज्ञान।**
   1. Island, 2. Mosque, 3. Bridge, 4. Knight, 5. Often, 6. Soften, 7. Column, 8. Receipt, 9. Psychology, 10. Pneumonia, 11. Salm, 12. Autumn, 13. Thomas, 14. Foreign, 15. Reign, 16. Scene, 17. Folk 18. Calm, 19. Half, 20. Resign.
2. **निम्नलिखित गद्यांशों में उचित स्थानों पर Capital Letters का प्रयोग कीजिए।**
   (i) gandhiji, the father of the nation, lived and died for india.
   (ii) whenever i approached mr. ramesh chand, the president of the board, he helped me.
   (iii) god saved her, he was kind to her.
   (iv) he said, "i am unwell and therefore i am not able to help hari".
   (v) gopi said to archna, "go to ram and borrow the gita from him."